# चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी कॉलोनी पर मुरम डालकर किया जा रहा कब्जा

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम



सैलाना रोड स्थित कर्मचारी कॉलोनी की जमीन, जहां कुछ लोग मुरम डालकर कब्जा कर रहे हैं।

सरकारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सुविधा के लिए प्लॉट काटकर बनाई गई कर्मचारी कॉलोनी पर कुछ लोगों द्वारा मुरम डालकर कब्जा किया जा रहा है। कलेक्टर से लेकर पटवारी तक को जानकारी देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बात को लेकर मानवाधिकार सीडब्ल्यूएस के राष्ट्रीय संगठन सचिव नरेंद्र सिंह चौहान ने तहसीलदार गोपाल सोनी को लिखित शिकायत की है। इसमें चौहान ने कार्रवाई करके भूमाफियाओं का कब्जा हटाने की मांग की है।

श्री चौहान ने बताया सैलाना रोड पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कॉलोनी की भूमि सर्वे नंबर 178 है। इसे तत्कालीन कलेक्टर भागीदार प्रसाद ने सरकारी कर्मचारियों को प्लाट कटवा कर दी थी। यह 1999 के टीएंडसीपी के नक्शे में भी दर्ज है। बावजूद इसके तिरुपति नगर के पुराने अध्यक्ष ने टाउंड एंड कंट्री प्लानिंग में दूसरा नक्शा पास करवाकर करीब 17 प्लॉट (1500 वर्ग फीट) के बेच दिए। इसके बाद से ही ये भूखंड खाली पड़े थे।

वर्तमान में भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों की अनदेर्खा के कारण कुछ भूमाफिया मुरम डालकर कब्जा कर रहे हैं। श्री चौहान ने बताया इसे लेकर पूर्व कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, भूमि विकास अधिकारी सहित सभी जिम्मेदारों को शिकायत कर चुका लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में कब्जा बढ़ता जा रहा है। श्री चौहान ने तहसीलदार से कार्रवाई करके कब्जा हटवाने की मांग की है।

दै. भास्कर 7/9/21

## आज होगा अन्नोत्सव

रतलाम। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सम्मिलित परिवारों को रियायती दर पर राशन सामग्री शासकीय कर्मचारी की उपस्थिति में सुनिश्चित करने एवं उचित मूल्य दुकान स्तर पर पर्याप्त मॉनिटरिंग के लिए जिले में संचालित समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर प्रतिमाह अन्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत माह अगस्त में हितग्राहियों को निःशुल्क खाद्यान्न मय 10 किलोग्राम क्षमता के बैग का वितरण समारोहपूर्वक किया गया है। माह सितंबर में 7 सितंबर को अन्न उत्सव का आयोजन जिले में संचालित समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सतर्कता समिति सदस्यों, आपदा प्रबंधन समिति सदस्यों की उपस्थिति में किया जाएगा। दुकान के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। सभी पात्र परिवारों को माह सितंबर के नियमित एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही विगत माह राशन बैग प्राप्ति से शेष रहे परिवारों को राशन बैग का वितरण किया जाएगा। नवभारत

नवभारत 7/9/21

## जिले में आज मनेगा अन्नोत्सव

रतलाम. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सम्मिलित परिवारों को रियायती दर पर राशन सामग्री शासकीय कर्मचारी की उपस्थिति में सुनिश्चित करने एवं उचित मूल्य दुकान स्तर पर पर्याप्त मॉनिटरिंग के लिए जिले में संचालित समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर प्रतिमाह अन्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 7 सितंबर को अन्न उत्सव का आयोजन समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सतर्कता समिति सदस्यों, आपदा प्रबंधन समिति सदस्यों की उपस्थिति में किया जाएगा। सभी पात्र परिवारों को माह सितंबर के नियमित एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही विगत माह राशन बैग प्राप्ति से शेष रहे परिवारों को राशन बैग का वितरण किया जाएगा।

पत्रिका 7/9/21

## आज फिर होगा अन्न उत्सव

रतलाम। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सम्मिलित परिवारों को रियायती दर पर राशन सामग्री शासकीय कर्मचारी की उपस्थिति में सुनिश्चित करने व उचित मूल्य दुकान स्तर पर पर्याप्त मानिटरिंग के लिए जिले में संचालित समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर प्रतिमाह अन्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस क्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत माह अगस्त में हितग्राहियों को निशुल्क खाद्यान्न मय 10 किलोग्राम क्षमता के बैग का वितरण समारोहपूर्वक किया गया है। माह सितंबर में सात सितंबर को अन्न उत्सव का आयोजन जिले में संचालित समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सतर्कता समिति सदस्यों, आपदा प्रबंधन समिति सदस्यों की उपस्थिति में किया जाएगा। दुकान के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। सभी पात्र परिवारों को माह सितंबर के नियमित व प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही गत माह राशन बैग प्राप्ति से शेष रहे परिवारों को राशन बैग का वितरण किया जाएगा। नईदुनिया

नईदुनिया 7/9/21

# उचित मूल्य दुकान में लाखों के राशन की हेराफेरी, जांच के बाद प्रकरण दर्ज

स्वदेश

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर शहर की एक दुकान में राशन की अफरा-तफरी पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण में 4 लाख 30 हजार रुपए की सामग्री की हेराफेरी पाई गई।

जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी ने बताया कि जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड 1707013 द्वारा दो माह से खाद्यान्न वितरण नहीं करने संबंधी शिकायत पाई जाने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री रश्मि खांबेटे द्वारा जांच की गई।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच में पाया गया कि जुलाई 13 अगस्त के खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जाकर दुकान बंद रखी जाकर वितरण नहीं किया गया। विक्रेता द्वारा स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया जा रहा था। उचित मूल्य दुकान पर संग्रहित खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन में 111.50 क्विंटल गेहूं, 100.44 क्विंटल चावल, 4.19 क्विंटल नमक तथा 0.51 क्विंटल शक्कर कम होना पाई गई। विक्रेता द्वारा केरोसीन थोक डीलरों को उनके द्वारा प्रदाय केरोसीन की राशि डीलर सोमचंद तुलसीदास केरोसीन थोक डीलर रतलाम को 7582 रुपए तथा एस.एम. हुसैन एंड कंपनी रतलाम को 49537 रुपए का भुगतान नहीं किया जाकर 1 वर्ष से केरोसीन का उठाव नहीं किया जाना पाया गया। दुकान में स्टॉक भाव सूची तथा निगरानी समिति सदस्यों की सूची प्रदर्शित नहीं किया जाना पाया गया। उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा जांच में सहयोग नहीं कर कथन पंचनामा आदि पर हस्ताक्षर नहीं किए गए। सुरेंद्र सोनकर विक्रेता जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड 170703 द्वारा प्रदत्त 4 लाख 30 हजार रुपए अनुमानित बाजार भाव मूल्य की अफरा-तफरी की गई। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदत्त खाद्यान्न आदि सामग्री का षड्यंत्रपूर्वक अवैध रूप से विक्रय/व्यपवर्तन किया गया। केरोसीन थोक डीलरों को प्रदान किए गए केरोसीन की राशि भुगतान नहीं किया जाकर मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाना पाया गया। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होने से सुरेंद्र सोनकर विक्रेता जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान 1707013 के विरुद्ध पुलिस थाना दीनदयाल नगर रतलाम में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

स्वदेश 7/9/21

# जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार के खिलाफ केस दर्ज

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर की एक ओर राशन दुकान में राशन की अफरा-तफरी का मामला सामने आया है। इस पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा जांच के बाद पुलिस में शिकायत की गई जिस पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। राशन की काला बाजारी से जुड़ा यह मामला जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार का है। उक्त भंडार द्वारा संचालित दुकान के निरीक्षण में 4 लाख 30 हजार रुपए की सामग्री की अफरा-तफरी पाई गई।

जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी ने बताया कि जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान द्वारा दो माह से खाद्यान्न वितरण नहीं करने संबंधी शिकायत पाई गई थी, जिस पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रश्मि खांबेटे द्वारा जांच की गई। जुलाई 13 अगस्त 2021 के खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जाकर दुकान बंद रखी जाकर वितरण नहीं किया गया। इतना ही नहीं विक्रेता द्वारा स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया जा रहा था। पत्रिका

पत्रिका 7/9/21

# फिर मिले डेंगू के छह मरीज, 11 घरों में लार्वा मिला



जिला अस्पताल की लैब के बाहर लगी मरीजों की कतार। ● नईदुनिया



जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर लगी रोगियों की कतार व पास में चल रहा वैक्सीनेशन कैंप। ● नईदुनिया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** नगर निगम, मलेरिया विभाग द्वारा डेंगू की रोकथाम के दावों के बीच नए मरीज मिलने का दौर जारी है। जिला अस्पताल की लैब से सोमवार को मिली एलाइजा टेस्ट की 34 रिपोर्ट में छह डेंगू के नए मरीज मिले, जिनमें एक बदनावर का भी है। 210 घरों के सर्वे में सामान्य बुखार के भी छह मरीज मिले हैं, जिनका उपचार पहले से निजी अस्पतालों में चल रहा है। जिले में अब इस डेंगू के मरीजों का आंकड़ा बढ़ते हुए 213 पहुंच गया है। इनमें शहर के 150 से अधिक मरीज शामिल हैं। सर्वे में 11 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया।

सोमवार को शहर डेंगू की रोकथाम एवं कोविड वैक्सीनेशन का विशेष सर्वे भी चालू हो गया है। दस सितंबर तक 288 दल सर्वे करेंगे और सूची तैयार करेंगे। निर्धारित फार्मेट के साथ सर्वे चालू किया गया है, जिसकी मानीटरिंग कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम करेंगे। स्वास्थ्य विभाग, महिला एव बाल विकास, नगर निगम के कर्मचारियो को सर्वे में लगाया गया है। सर्वे में वैक्सीनेशन से छूटे हुए लोगों की सूची बनेगी। साथ फागिंग अभियान भी चल रहा है। एलाइजा टेस्ट के अलावा किट जांच में लगातार नए मरीज मिल रहे हैं, जिनका उपचार निजी अस्पतालों में हो रहा है।

## शहर में 210 घरों का सर्वे

जिला मलेरिया अधिकारी डा.प्रमोद प्रजापति ने बताया कि डेंगू इस बार तेजी से बढ़ा है। मच्छरों से बचाव के उपाय सभी अपनाएं तभी हम डेंगू पर नियंत्रण कर पाएंगे। सरकारी स्तर से नियंत्रण के प्रयास हो रहे हैं, लेकिन लोगों को भी सतर्क रहना है।

**लैब में लग रही लंबी कतार:** जिला अस्पताल में लगातार मौसमी बीमारियों के मरीज बढ़ रहे हैं। हर दिन दो हजार तक ओपीडी चल रही है, जिसमें सर्वाधिक मरीजों की लैब में विभिन्न तरह की जांच हो रही है। जांच के लिए लंबी कतार लग रही है। अब हालत ऐसी है कि रिपोर्ट मिलने में दो से तीन दिन का समय लग रहा है। इस बीच मरीजों की हालत और बिगड़ रही है। सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि इस समय मौसमी बीमारियों के मरीज बढ़ने से लैब में भी कतार लग रही है। अवकाश के बाद सोमवार को कुछ मरीज अधिक हो गए थे, इसलिए लैब में कतार लगना स्वाभाविक है।

**स्वस्थ लोगों पर संक्रमण का खतरा:** जिला अस्पताल की ओपीडी के पास ही कोरोना वैक्सीनेशन का सेंटर बना दिया गया है। यहीं पास में ही पर्ची भी कटती है। ओपीडी में लंबी कतार लगने के साथ ही वैक्सीनेशन के लिए भी लोग यहीं से आ-जा रहे हैं। उधर पर्ची के लिए भी लंबी कतार लगने से निकलने के लिए भी रास्ता नहीं रहता है। ऐसी स्थिति में कोरोना का टीका लगवाने जाने वालों को भी बीमारी का खतरा बढ़ गया है। सोमवार को कई लोग सिविल सर्जन के पास गए और टीकाकरण स्थल बदलने के लिए कहा। फीवर क्लीनिक वाले खाली स्थान पर भी वैक्सीनेशन सेंटर संचालित किया जा सकता है।

नईदुनिया 7/9/21

### सर्वे के दम पर कैसे पाएंगे डेंगू से पार, 20 दिन में दोगुना हुए मरीज

# बंद कमरे में फैलते डेंगू से बचाने 'खानापूर्ति'

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

## कलेक्टर के पास शहर को समझने का नहीं है वक्त, आंकड़ों में डेंगू का कर रहे ट्रीटमेंट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**पलंग कम: जमीन पर ही गद्दा डाल कर रहे उपचार**



रतलाम. जिले सहित शहर में डेंगू तेजी से पैर पसार रहा है। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने डेंगू पर काबू पाने के लिए एक बार फिर से शहर में सर्वे करने के निर्देश दिए हैं, जबकि स्वास्थ्य विभाग 10 दिन पहले ही सर्वे करा चुका है। ऐसे में एक बार फिर सर्वे के आंकड़ों से फैलते डेंगू का ट्रीटमेंट किया जाएगा। महज 20 दिनों में ही डेंगू से प्रभावितों की संख्या दोगुना हो गई है। वहीं, जिम्मेदार अफसर और जवाबदेह महकमा बंद कमरें में बैठक लेकर फैलते डेंगू से बचाव की नई खानापूर्ति करने में जुटे हुए हैं।

20 दिन पूर्व डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या 107 थी जो कि अब 210 के पार पहुंच गई है। फिर से सर्वे के नाम पर कागजी खानापूर्ति की शुरुआत कर दी गई है। कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक अमले ने सोमवार से पांच दिवसीय सर्वे की शुरुआत कर दी है, जिसके तहत घर-घर दस्तक देकर सर्वे टीमें यह पता लगाएगी कि किस घर में कौन बीमार है। जबकि शहर सहित अंचल के अस्पतालों में मरीजों की कतार लग रही है। अब नई कवायद है कि कलेक्टर ने सर्वे कार्य के लिए 286 टीमों का गठन कराया है, यह टीमें शहर के 49 वार्डों में घर-घर दस्तक देकर डेंगू सहित सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों को तलाशेगी। प्रत्येक टीम सुबह से शाम तक अपने क्षेत्र में किए गए सर्वे की रिपोर्ट शाम को संबंधित विभाग को सौंपेगी और वहां से पूरा डाटा एकत्र होगा।

### पहला सर्वे साबित हुआ नौटंकी

विभागों के बीच तालमेल का अभाव और बड़े अफसरों की निगरानी व्यवस्था की लचरता के चलते पहला सर्वे नौटंकी साबित हुआ। सर्वे के दौरान कई टीमें ऐसी थी, जिनकी रिपोर्ट काम नहीं आई। जब समग्र रिपोर्ट बनाने का वक्त आया तो कई टीमों से आया डाटा ही अधूरा निकला। जिम्मेदार भी मानते हैं कि पहला सर्वे ठीक से नहीं हो पाया था, अब नई कवायद शुरू की जा रही है, हालांकि लोग सवाल उठा रहे हैं कि यह सर्वे भी ठीक से होगा, इसकी जवाबदेही कौन लेगा।

### फैक्ट फाइल

**सोमवार 6 सितंबर के हाल**

34 - टेस्ट लगे ड़ेंगू के
6 - नए पॉजिटिव मिले
1 - मरीज धार बदनावर का
210 - घरों का सर्वे पहले दिन
11 - घरों में डेंगू का लार्वा मिला
6 - घरों में सर्दी, खांसी, बुखार के मरीज मिले सामान्य

### जिला अस्पताल में कम पड़ने लगी जगह

जिला अस्पताल में जगह कम पड़ने के बाद मरीजों को भर्ती करने के लिए मेडिकल कॉलेज के अस्पताल का सहारा लेना पड़ा है। यहां भी डेंगू सहित बुखार से जुड़े 4 दर्जन से अधिक मरीजों को भर्ती किया जा चुका है। ऐसे में एक बार फिर से अस्पताल के चालू होने के पहले यहां पर मरीज और उनके परिजनों की भीड़ नजर आने लगी है। कोविड-19 अस्पताल की शुरुआत के पहले डेंगू के कारण अस्पताल को शुरू किया गया है।

मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में डेंगू और बुखार से जुड़े करीब 60 मरीजों को भर्ती किया गया है। विशेष तौर पर डेंगू मरीजों के लिए वार्ड तैयार किया गया है, जहां लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मरीजों का उपचार से जुड़ी सभी व्यवस्था है यहां पर जुटाई गई है। **- डॉ जितेंद्र गुप्ता**, डीन, मेडिकल कॉलेज, रतलाम

पहले सर्वे के दौरान कुछ टीमों के द्वारा ठीक तरीके से सर्वे कार्य नहीं किया गया था, इस कारण से दोबारा से बेहतर ढंग से सर्वे कार्य कराए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जिसके चलते कलेक्टर के निर्देश पर फिर से दलों को गठित करके सर्वे कार्य किया जा रहा है। **-डॉ प्रमोद प्रजापति**, जिला मलेरिया अधिकारी, रतलाम

शहर में स्वच्छता को लेकर लगातार टीमें काम कर रही है। कचरा वाहन निकलने के बाद कई लोग सडकों पर कचरा डाल जाते हैं जिस कारण से गंदगी होती है। गंदगी करने वालों पर स्पॉट फाइंड भी किया जा रहा है और काम नहीं करने वाले सफाई कर्मियों पर भी कार्रवाई हो रही है।

**- सोमनाथ झारिया**, नगर निगम आयुक्त, रतलाम

पत्रिका

पत्रिका 7/9/21



# पशु पालकों की समस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

रतलाम। विगत दिनों निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा शहर के मध्य निजी भूमि पर बने हुए पशुपालन केंद्र (तबेले) को हटाने का काम शुरू किया गया। हटाने के पीछे निगम द्वारा यह तर्क दिया गया किंतु बिलों की गंदगी से शहर में डेंगू रानी बीमारी फैल रही है बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक कार्रवाई से पशुपालकों की कमर टूट गई है। इसी बात को लेकर सोमवार को पशु पालक जिला शहर कांग्रेस के नेतृत्व में कलेक्टर एवं निगम आयुक्त से मिले और ज्ञापन जिला प्रशासन, निगम प्रशासन के नाम उपायुक्त विकास सोलंकी को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि अचानक हुई इस कार्रवाई को रोका जाए और कम से कम एक वहां की समय अवधि स्थानांतरित करने के लिए दी जाए क्योंकि दूध एक आवश्यक सेवा के अंतर्गत आता है एवं दुधारू पशुओं को स्थान पर इतनी जल्दी नहीं किया जा सकता है इसलिए समय देना आवश्यक है साथ ही जिला प्रशासन से मांग की गई है कि शहर के बाहर कोई भी शासकीय भूमि निर्धारित मूल्य लेकर आवंटित की जाए जिससे वह अपना व्यवसाय सुचारू रूप से चला सके।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, शांतिलाल वर्मा, रजनीकांत व्यास, रामचंद्र धाकड़ पूर्व पार्षद गणेश यादव, कमरुद्दीन कछवाहा, हितेश पेमाल के साथ बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित थे।

राजएक्सप्रेस 7/9/21

टीएल बैठक

कलेक्टर ने खाद्य व औषधि निरीक्षकों से कहा कि सक्रियता से काम करें

# 'कार्यप्रणाली सुधारें, खाद्य सामग्री के नमूने लेने में तेजी लाएं'

**रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)।** आप लोगों का जिले में काम कुछ नजर नहीं आ रहा है। रक्षाबंधन के दौरान भी नमूने लेने के लिए कुछ विशेष कार्य नहीं किया गया। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सक्रियता से कार्य करें।

उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के खाद्य व औषधि प्रशासन निरीक्षकों को दिए। कलेक्टर ने अन्य विभागों की भी समीक्षा की। आमजन के कार्य सक्रियता के साथ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य व औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वे खाद्य सामग्री के नमूने लेने के कार्य में तेजी लाएं।



कलेक्टोरेट सभागार में टीएल बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। •नईदुनिया

कलेक्टर द्वारा इस सप्ताह भी समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने की सघन समीक्षा की गई। शहर में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। एसडीएम तथा निगमायुक्त को तेजी लाने के निर्देश दिए। जनपद पंचायतों में प्रतिदिन 1000 कार्ड तथा नगरीय निकायों में प्रतिदिन 500 कार्ड बनाने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि चिकित्सालय की ओपीडी में 162 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। पात्र हितग्राहियों के आधार कार्ड उपलब्ध नहीं होने से आधार लाकर कार्ड बनवाने हेतु कहा गया है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ओपीडी में आयुष्मान कार्ड बनाने की सूचना देने वाला बोर्ड लगाएं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कलेक्टर ने की। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विद्युत वितरण कंपनी को लंबित शिकायतों का निराकरण कर 90-90 अंक लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राजस्व तथा खाद्य विभाग को 75-75 अंक लाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत को 85 अंक लाने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिले के किसी भी विभाग की रैंकिंग 20 से नीचे नहीं हो। जिले में कराए गए पौधारोपण की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि नगरीय निकायों में 28785 पौधों का रोपण किया गया है। एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध बैंकों में प्रस्तुत तथा स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, जिला वन मंडलाधिकारी डीएस डोडवे, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एसडीएम एमएल आर्य, अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नईदुनिया 7/9/21

# 128 फ्लैट में 40 की बुकिंग, 30 पर 6 करोड़ का बैंक कर्ज

मनमर्जी का निर्माण

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**

## द्वारका रेसीडेंसी में कर्ज लेने वाले मुसीबत में

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** शहर के चेतक ब्रिज के करीब बन रहे द्वारका रेसीडेंसी में कर्ज लेने वाले अधर में आए गए है। यहां पर कुल 128 फ्लैट व 15 कमर्शियल शॉप बनाई गई। इनमे से 40 फ्लैट की बुकिंग हो गई है, जो 40 फ्लैट बुक हुए उनमे से भी 30 फ्लैट वे है जिसमे निवेश बैंक से करीब 6 करोड़ रुपए कर्ज लेकर किया गया है। अब निवेश करने वाले परेशानी में आ गए है। इसकी एक बड़ी वजह नगर निगम द्वारा सरकारी भूमि से द्वारका रेसीडेंसी में आने जाने के रास्ते पर लोहे के एंगल लगाना है।

द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण करने वालों ने 2019 में योजना अनुसार निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस बीच कोरोना काल आया तब भी निर्माण कार्य धीमी गति से ही जारी रहा। सरकारी भूमि पर अवैध रुप से निर्माण करने वालों ने कोरोना काल का ही लाभ उठाया। जब कर्मचारी से लेकर अधिकारी कोरोना से जंग लड़ रहे थे तब इस आपदा को अवसर में बदलते हुए द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण करने वालों ने अवैध रुप से सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया।

### नियम से बढ़कर कोई नहीं

नगर निगम ने मंजूरी निर्माण के लिए दी, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी सरकारी भूमि को ही अपनी मान ले। नियम से बढ़कर कोई नहीं है। शहर में और भी इस प्रकार के अतिक्रमण है, उनको भी नोटिस देकर तोड़ने की तैयारी चल रही है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

### इस तरह समझे निवेश को

कुल फ्लैट - **128**

कुल कार्मिशियल शॉप - **15**

एक बीएचके का फ्लैट - **18**

दो बीएचके का फ्लैट - **64**

तीन बीएचके का फ्लैट - **36**

कुल बुकिंग फ्लैट की - **40**

बैंक से कर्ज लेकर होने वाली बुकिंग - कुल **30** फ्लैट

30 निवेशकों ने औसत जो कर्ज लिया - **6** करोड़ रुपए का

पत्रिका

पत्रिका 7/9/21

**कांग्रेस के नेतृत्व में पहले कलेक्टर फिर मिले उपायुक्त से**

# तबेला संचालकों ने घेरा नगर निगम, बोले एक माह का समय दिया जाए

पत्रिका

सिटी हैपनिंग



रतलाम. शहर में स्वच्छता अभियान अंतर्गत अवैध तबेले तोड़ने वाली नगर निगम से बचने के लिए संचालकों को कांग्रेस का साथ मिल गया है। सोमवार को दोपहर में तबेले संचालक पहले कलेक्टर कार्यालय गए फिर नगर निगम पहुंचे। निगम में धरना दिया, नारेबाजी की। इसके बाद उपायुक्त विकास सौलंकी आए व भरोसा दिया नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। तबेले संचालक एक माह का समय मांग रहे है, जबकि कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शनिवार को किए गए शिविर में इनको मंगलवार तक का समय दिया गया है।

दोपहर करीब 2 बजे शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, सेवादल प्रदेश सचिव रजनीकांत व्यास आदि के साथ प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर कार्यालय गया व मांग को लेकर ज्ञापन दिया। करीब 100 से अधिक तबेले संचालक को लेकर प्रतिनिधिमंडल नगर निगम पहुंचा।

## जमकर की नारेबाजी

नगर निगम में तबेले संचालकों ने निगम के द्वार पर बैठकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सड़क घेरने की वजह से काफी देर तक आमजन निगम में अपने काम से नहीं पहुंच पाए। इसके बाद तबेले संचालक निगम कार्यालय के अंदर आ गए व वहां बैठ गए। बाद में सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया व उपायुक्त विकास सौलंकी पहुंचे व ज्ञापन लेकर भरोसा दिया नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष कटारिया ने कहा कि कम से कम एक माह का समय इनको दिया जाना चाहिए। सभी अपने निजी स्थान पर तबेले का संचालन कर रहे हैं व गंदगी नहीं हो रही है। पत्रिका

पत्रिका 7/9/21

# गरीबों के राशन में सेंध लगाने वालों पर प्रकरण दर्ज

## निरीक्षण में 4 लाख से अधिक की सामग्री में मिली थी अफरा-तफरी

**रतलाम ▪ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर की एक दुकान में राशन की अफरा-तफरी करने पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण में 4 लाख 30 हजार रुपए की सामग्री की अफरा-तफरी पाई गई।

जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच.चौधरी ने बताया कि जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड 1707013 द्वारा दो माह से खाद्यान्न वितरण नहीं करने संबंधी शिकायत पाई जाने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री रश्मि खांबेटे द्वारा जांच की गई।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच में पाया गया कि जुलाई 13 अगस्त 2021 के खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जाकर दुकान बंद रखी जाकर वितरण नहीं किया गया। विक्रेता द्वारा स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया जा रहा था। उचित मूल्य दुकान पर संग्रहित खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन में 111.50 क्विंटल गेहूं, 100.44 क्विंटल चावल, 4.19 क्विंटल नमक तथा 0.51 क्विंटल शक्कर कम होना पाई गई। विक्रेता द्वारा केरोसिन थोक डीलरों को उनके द्वारा प्रदाय केरोसिन की राशि डीलर सोमचंद तुलसीदास केरोसिन थोक डीलर रतलाम को 7582 रुपए तथा एस.एम.हुसैन एंड कंपनी रतलाम को 49537 रुपए का भुगतान नहीं किया जाकर 1 वर्ष से केरोसिन का उठाव नहीं किया जाना पाया गया। दुकान में स्टॉक भाव सूची तथा निगरानी समिति सदस्यों की सूची प्रदर्शित नहीं किया जाना पाया गया। उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा जांच में सहयोग नहीं कर कथन पंचनामा आदि पर हस्ताक्षर नहीं किए गए।

### अवैध रूप से विक्रय व्यपवर्तन किया

सुरेंद्र सोनकर विक्रेता जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड 170703 द्वारा प्रदत्त 4 लाख 30 हजार रुपए अनुमानित बाजार भाव मूल्य की अफरा-तफरी की गई। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदत्त खाद्यान्न आदि सामग्री का षडयंत्रपूर्वक अवैध रूप से विक्रय/व्यपवर्तन किया गया। केरोसिन थोक डीलरों को प्रदान किए गए केरोसिन की राशि भुगतान नहीं किया जाकर मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाना पाया गया। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होने से सुरेंद्र सोनकर विक्रेता जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान 17070 13 के विरुद्ध पुलिस थाना दीनदयाल नगर रतलाम में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। २१५

राजएक्सप्रेस 7/9/21

# कलेक्टर के निर्देश : कार्यप्रणाली में सुधार करें, सक्रियता से करें काम

**रतलाम।** आप लोगों का जिले में काम कुछ नजर नहीं आ रहा है। रक्षाबंधन के दौरान भी नमूने लेने के लिए कुछ विशेष कार्य नहीं किया गया। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें, सक्रियता से कार्य करें। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के खाद्य

## ▸ समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

एवं औषधि प्रशासन निरीक्षकों को दिए। कलेक्टर ने अन्य विभागों की भी समीक्षा की। आमजन के कार्य सक्रियता के साथ करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, जिला वन मंडलाधिकारी श्री डूडवे, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एसडीएम एमएल आर्य, अभिषेक गहलोत, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने खाद्य एवं औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वे खाद्य सामग्री के नमूने लेने के कार्य में तेजी लाएं। कलेक्टर द्वारा इस सप्ताह भी समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने की सघन समीक्षा की गई। रतलाम शहर में



धीमी प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। एसडीएम तथा निगमायुक्त को तेजी लाने के निर्देश दिए। जनपद पंचायतों में प्रतिदिन 1000 कार्ड तथा नगरीय निकायों में प्रतिदिन 500 कार्ड बनाने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय सिविल सर्जन डॉक्टर आनंद चंदेलकर ने बताया कि चिकित्सालय की ओपीडी में 16[illegible] आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। पात्र हितग्राहियों के आधार कार्ड उपलब्ध नहीं होने से आधार लाकर कार्ड बनवाने हेतु कहा गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ओपीडी में आयुष्मान कार्ड बनाने की सूचना देने वाला बोर्ड लगाएं।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विद्युत वितरण कंपनी को लंबित शिकायतों का निराकरण कर 90-90 अंक लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राजस्व तथा खाद्य विभाग को 75-75 अंक लाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत को 85 अंक लाने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिले के किसी भी विभाग की रैंकिंग 20 से नीचे नहीं हो। 7 सितंबर को जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव आयोजित किया जाएगा। आयोजन तैयारियों के संबंध में कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया। जनप्रतिनिधियों, सतर्कता समिति के सदस्यों, आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों को बुलाकर उपभोक्ताओं को राशन वितरण कराया जाना है।

यह सुनिश्चित किया जाए कि कम से कम 25 प्रतिशत उपभोक्ताओं को उत्सव कार्यक्रम में ही राशन का वितरण हो जाए। जिले में कराए गए वृक्षारोपण की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि नगरीय निकायों में 28785 पौधों का रोपण किया गया है। एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध बैंकों में प्रस्तुत तथा स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की गई।

नवभारत

नवभारत 7/9/21

# डेंगू की रफ्तार थामने के लिए 'किल कोरोना' अभियान की तरह शहर में दी जाएगी घर-घर दस्तक

**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

जिले में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामलों को लेकर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने किल कोरोना अभियान की तर्ज पर रतलाम शहर में अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं, जिसके बाद आज से नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर रतलाम शहर के सभी 49 वार्डों के लिए टीम बनाई गई है। यह टीम आज से प्रत्येक घर का सर्वे कर डेंगू के संदिग्ध मरीज और लार्वा का सर्वे करेगी।

गौरतलब है कि रतलाम जिले में अब तक 220 से अधिक डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं, वहीं वायरल बुखार के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं, जिसकी वजह से रतलाम जिला अस्पताल की ओपीडी और पैथोलॉजी लैब के बाहर जांच कराने वाले मरीजों की लंबी-लंबी कतारें लग रही है। खास बात यह भी है कि कई लोग डेंगू से संक्रमित होने के बाद स्थानीय आर एम पी डॉक्टरों या निजी अस्पतालों में उपचार करवा रहे हैं, जिससे जिले में डेंगू के वास्तविक मरीजों की संख्या पता नहीं चल पा रही है। डेंगू और वायरल बुखार के लगातार बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने किल कोरोना तर्ज पर ही रतलाम शहर में अभियान चलाए जाने के निर्देश जारी किए हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास की संयुक्त टीमें घर-घर सर्वे कर डेंगू के मरीज और लारवा का सर्वे कर रही है।

बहरहाल डेंगू के उपचार के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज में भी डेंगू केयर वार्ड शुरू किया गया है, जहां डेंगू के मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। जिला अस्पताल के अतिरिक्त मेडिकल कॉलेज में भी डेंगू की जांच किए जाने की व्यवस्था की जा रही है।

## आयुष विभाग दे रहा विद्यार्थियों को कोविड-19 की संक्रमण से बचाव की जानकारी

**प्रसारण न्यूज • रतलाम**



संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर के संक्रमण से बचाव, प्रबंधन और आयुष चिकित्सा पद्धति का उपयोग विषय पर गतिविधियां संचालित की जा रही है।

उक्त जानकारी अनिल मेहता शा.आयु.औष. हतनारा ने देते हुए बताया कि इसके अंतर्गत जिले में संचालित विद्यालयों (शहरी एवं विशेषकर ग्रामीण) में चिकित्साधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को कोविड 19 की संभावित तीसरी लहर के संक्रमण से बचाव और उसमें आयुष चिकित्सा पद्धति के उपयोग विषय पर जानकारी दी जा रही है। कोविड 19 से बचाव के साथ साथ ही आयुष की सुलभता से प्राप्त होने वाली रोग प्रतिरोधक औषधियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को घरेलु स्तर पर ही उपलब्ध रहने वाली औषधियों जैसे-हल्दी, काली मिर्च, दालचीनी, लौंग, तुलसी, गुड़, अजवाइन आदि के गुण और उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों से इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुचानें के लिए प्रेरित किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ बलराज सिंह चौहान ने कहा कि जिले के अंतर्गत जिला आयुष चिकित्सालय, आयुष विंग और समस्त औषधालयों में कोविड-19 से बचाव और अन्य मौसमी बीमारियों जैसे फ्लू, डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव की औषधियां उपलब्ध है। जिला आयुष अधिकारी डॉ बलराज सिंह चौहान ने आमजन से इन औषधियों का लाभ लेने की अपील की है।

प्रसारण 7/9/21

# उचित मूल्य दुकान में राशन की अफरा-तफरी पर एफआईआर दर्ज

**रतलाम।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर की एक दुकान में राशन की अफरा-तफरी पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान के

## ▸ दुकान बंद रखी जाकर वितरण नहीं किया

निरीक्षण में 4 लाख 30 हजार रुपए की सामग्री की अफरा-तफरी पाई गई।

जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी ने बताया कि जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड 1707013 द्वारा दो माह से खाद्यान्न वितरण नहीं करने संबंधी शिकायत पाई जाने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रश्मि खांबेटे द्वारा जांच की गई।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच में पाया गया कि जुलाई 13 अगस्त 2021 के खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जाकर दुकान बंद रखी जाकर वितरण नहीं किया गया। विक्रेता द्वारा स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया जा रहा था। उचित मूल्य दुकान पर संग्रहित खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन में 111.50 क्विंटल गेहूं, 100.44 क्विंटल चावल, 4.19 क्विंटल नमक तथा 0.51 क्विंटल शक्कर कम होना पाई गई।

विक्रेता द्वारा केरोसिन थोक डीलरों को उनके द्वारा प्रदाय केरोसिन की राशि डीलर सोमचंद तुलसीदास केरोसिन थोक डीलर रतलाम को 7582 रुपए तथा एस.एम. हुसैन एंड कंपनी रतलाम को 49537 रुपए का भुगतान नहीं किया जाकर 1 वर्ष से केरोसिन का उठाव नहीं किया जाना पाया गया। दुकान में स्टॉक भाव सूची तथा निगरानी समिति सदस्यों की सूची प्रदर्शित नहीं किया जाना पाया गया। उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा जांच में सहयोग नहीं कर कथन पंचनामा आदि पर हस्ताक्षर नहीं किए गए।

सुरेंद्र सोनकर विक्रेता जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड 170703 द्वारा प्रदत्त 4 लाख 30 हजार रुपए अनुमानित बाजार भाव मूल्य की अफरा-तफरी की गई। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदत्त खाद्यान्न आदि सामग्री का षडयंत्रपूर्वक अवैध रूप से विक्रय/व्यपवर्तन किया गया। केरोसिन थोक डीलरों को प्रदान किए गए केरोसिन की राशि भुगतान नहीं किया जाकर मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाना पाया गया।

आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होने से सुरेंद्र सोनकर विक्रेता जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान 17070 13 के विरुद्ध पुलिस थाना दीनदयाल नगर रतलाम में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। नवभारत

नवभारत 7/9/21

सेहत की चिंता

## त्योहार में दूषित खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच करवाएं

**रतलाम** | रक्षाबंधन निकल गया, खाद्य पदार्थों के नमूने लेने में कोई सक्रियता नहीं दिखाई गई। आप लोगों का जिले में काम नजर नहीं आ रहा है। त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है, उसके पहले कार्यप्रणाली सुधार लो। नमूने तेजी से लेकर कार्रवाई करो।

सोमवार को यह चेतावनी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन निरीक्षकों को दी। समयावधि पत्रों की समीक्षा में कलेक्टर ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत और आयुक्त सोमनाथ झारिया को आयुष्मान कार्ड बनाने का काम तेजी से करने को कहा। जिला चिकित्सालय सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर से ओपीडी में आयुष्मान कार्ड बनाने की सूचना देने वाला बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की कलेक्टर ने विभागवार समीक्षा की।

दे. भास्कर 7/9/21

## अब जिले में 30 सितंबर तक रहेगा नाइट कर्फ्यू

**रतलाम** | प्रदेश में कोरोना पॉजिटिव मरीजों में आंशिक बढ़ोतरी देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में 30 सितंबर की सुबह 6 बजे तक के लिए धारा 144 लागू करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू रहेगा। सभी सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, मेले आदि प्रतिबंधित रहेंगे। धार्मिक स्थलों पर 6 से ज्यादा व्यक्ति मौजूद नहीं रह सकेंगे। दुकानें, निजी कार्यालय, शापिंग मॉल, जिम तय समय तक खुल सकेंगे।

दे. भास्कर 7/9/21

## जिले में 30 सितंबर तक प्रभावी रहेगा नाइट कर्फ्यू

**रतलाम।** कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए 30 सितंबर की सुबह छह बजे की अवधि के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार संपूर्ण जिले में रात 11 से सुबह छह बजे तक नाइट कर्फ्यू प्रभावी रहेगा। सभी सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, मेले आदि जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है, प्रतिबंधित रहेंगे। स्कूल, कालेज खोले जाने के संबंध में पूर्व में जारी आदेश में प्रदत्त निर्देश यथावत प्रभावशील रहेंगे।

नईदुनिया 7/9/21

## कुष्ठ बस्ती में शुरू हुआ निगम का पेयजल

**रतलाम.** शहर के कुष्ठ बस्ती क्षेत्र सहित अन्य दो स्थान पर नगर निगम ने धोलावाड़ से पेयजल देने की शुरुआत सोमवार से कर दी। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया शंकरगढ़, मोतीनगर क्षेत्र सहित कुष्ठ बस्ती क्षेत्र में अब नगर निगम की पाइप लाइन से पेयजल दिया जाएगा। क्षेत्र में उपभोक्ताओं द्वारा डायरी बनवाने को लेकर उत्साह है।

पत्रिका 7/9/21

## विदेश यात्रा करने वालों को 31 अक्टूबर तक लगेगा टीका

**रतलाम, नप्र।** विदेश यात्रा करने वाले लोगों को कोविड वैक्सीनेशन के तहत टीके लगाए जाने की तिथि बढ़ाई गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि टीके 31 अगस्त तक लगना था लेकिन तिथि बढ़ाकर अब 31 अक्टूबर कर दी गई है। विदेश यात्रा करने वालों की सुविधा के लिए उनका वैक्सीनेशन न्यू कलेक्ट्रेट परिसर में आगामी 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इसके लिए नोडल अधिकारी अरुण पाठक काम देखेंगे।

प्रभातकिरण 8/9/21

पत्रिका की खबर के बाद 100 हाथ गाड़ी खरीदी

# मिलेगी राहत : नगर निगम में आई सिथेंटिक नई हाथ ठेला गाड़ी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की करीब 10 साल पूर्व की मांग, नई हाथ ठेला गाड़ी खरीदी के बारे में पत्रिका ने समाचार का प्रकाशन किया था। इस पर संज्ञान लेते हुए निगम ने 100 हाथ नई ठेला गाड़ियों की खरीदी की है। इसमे 50 हाथ ठेला गाड़ी लोहे की व 50 हाथ ठेला गाड़ी सिथेंटिक प्लास्टिक की है। निगम के अनुसार इनकी क्षमता 120 लीटर कचरा भरने की है। प्रत्येक वार्ड में दो - दो हाथ ठेला गाड़ी का वितरण कार्य मंगलवार से शुरू किया जाएगा।

बता दे की निगम कर्मचारी वर्षो से मांग कर रहे थे कि उनको जो हाथ ठेला गाड़ियां दी गई है, वे खराब व जर्जर हो गई है। इसके बाद ही पत्रिका ने इस मामले को उठाया था। पत्रिका में समाचार प्रकाशन के बाद ही नई गाड़ियों को खरीदने के लिए निर्णय लिया गया।

**खबर का असर**

निगम के अधिकारियों के अनुसार पत्रिका में समाचार प्रकाशन के बाद निगम प्रशासक कुमार ने इस मामले में जानकारी मांगी थी। इस बीच निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी नेता भी प्रशासक से मिले थे व अपनी मांग को लेकर करीब एक घंटे तक चर्चा की थी। इसी दौरान प्रशासक ने आयुक्त सोमनाथ झारिया को कह दिया था कि स्वच्छता बेहतर हो इसके लिए मजबूत संसाधन जरूरी है। इसके बाद ही नई गाड़ियों को खरीदने की योजना बनाने को उपायुक्त विकास सौलंकी को कहा गया। इसके बाद ही निगम ने गाड़ियों को खरीदा है।

नगर निगम ने 50 हाथ ठेला गाड़ी लोहे की व 50 हाथ ठेला गाड़ी सिथेंटिक की खरीदी की है। प्रत्येक गाड़ी करीब 5 से 7 हजार रुपए मूल्य की है। इनका वितरण वार्ड अनुसार मंगलवार से किया जाएगा। **-विकास सौलंकी,** उपायुक्त नगर निगम

पत्रिका 7/9/21

# पशुपालकों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर व निगमायुक्त को ज्ञापन दिया

भास्कर संवाददाता | रतलाम



ज्ञापन देने के पहले प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता और तबेलों के संचालक।

तबेले हटाने का विरोध करते हुए सोमवार को कांग्रेस ने मवेशी पालक और तबेले मालिकों के साथ कलेक्टर और निगमायुक्त को ज्ञापन दिया।

इसमें मांग की कि अचानक हुई कार्रवाई का रोका जाए। तबेला स्थानांतरण के लिए समय दिया जाए। दूध व्यवसाय आवश्यक सेवा में आता है। दुधारू पशुओं को इतनी जल्दी एक से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया जा सकता। नगर निगम में पहुंचे कांग्रेस नेता और तलेबे संचालकों को ज्ञापन देने के लिए काफी देर इंतजार करना पड़ा क्योंकि उस वक्त निगम में कोई जिम्मेदार अफसर नहीं था। बाद में सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, उसके बाद उपायुक्त विकास सोलंकी पहुंचे और ज्ञापन लेकर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। सबके चले जाने के बाद निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आए और कांग्रेस नेताओं से मिले। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, शांतिलाल वर्मा, रजनीकांत व्यास, रामचंद्र धाकड़, गणेश यादव, कमरुद्दीन कछवाहा, हितेश पेमाल सहित अन्य मौजूद रहे।

दै. भास्कर 7/9/21

# तबेलों के स्थानांतरण के लिए मोहलत दी जाए

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा शहर के मध्य निजी भूमि पर बने हुए पशुपालन केंद्र (तबेले) को हटाने का काम शुरू किया गया है। हटाने के पीछे निगम द्वारा यह तर्क दिया गया कि तबेलों की गंदगी से शहर में डेंगू बीमारी फैल रही है। बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक कार्रवाई से पशुपालकों की कमर टूट गई है।

इसी बात को लेकर सोमवार को पशु पालक शहर कांग्रेस के नेतृत्व में कलेक्टर और निगम आयुक्त से मिले। ज्ञापन जिला, निगम प्रशासन के नाम पर उपायुक्त विकास सोलंकी को दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि अचानक हुई इस कार्रवाई को रोका जाए और कम से कम एक माह की समय अवधि स्थानांतरित करने के लिए दी जाए। जिला प्रशासन से मांग की गई है कि शहर के बाहर कोई भी शासकीय भूमि निर्धारित मूल्य लेकर आवंटित की जाए, ताकि पशु पालक अपना व्यवसाय सुचारू रूप से चला सके। शांतिलाल वर्मा, रामचंद्र धाकड़ पूर्व पार्षद गणेश यादव, कमरुद्दीन कछवाहा, हितेश पैमाल के साथ बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित थे।

नईदुनिया 7/9/21

# डेंगू की रोकथाम तथा प्रथम डोज से छूटे लोगों के सर्वेक्षण के लिए दल गठित

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने रतलाम शहर में डेंगू की रोकथाम तथा कोविड-वैक्सीनेशन के प्रथम डोज से छूटे व्यक्तियों के सर्वेक्षण के लिए दलों का गठन किया है। सर्वेक्षण दल निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा के अधिनस्थ कार्य करेंगे।

जारी आदेश के अनुसार समस्त दलों द्वारा सर्वेक्षण कार्य 6 सितंबर से 10 सितंबर की अवधि में शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाएगा। दल अपने क्षेत्र के एनजीओ का सहयोग भी ले सकेंगे। दलों द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए बुखार रोगी का नाम, मुखिया का नाम, आयु, मोबाइल नंबर तथा एड्रेस नोट किया जाएगा। वैक्सीनेशन में प्रथम डोज से छूटे हुए लोगों का नाम, पता, आयु, मोबाइल नंबर तथा टीका नही लगाने का कारण नोट किया जाएगा। सर्वेक्षण दल में स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नगर निगम के कर्मचारी सम्मिलित किए गए हैं।

सर्वेक्षण दल जब तक घरों के सभी लोगों की जांच ना हो जाए तब तक उन घरों का निरंतर भ्रमण कर जानकारी एकत्रित करते रहेंगे। कोई भी घर-परिवार सर्वे से छूटे नहीं, इसका विशेष ध्यान रखेंगे। परिवार के प्रत्येक सदस्य की जानकारी अनिवार्य रूप से एकत्रित करेंगे। इसके अलावा सर्वेक्षण दल डेंगू की रोकथाम के लिए मच्छरों को पनपने नहीं देने हेतु घरों के अंदर जमा पानी के टैंक, पानी स्टोरेज, छत पर पुराने टायर या अन्य सामान जिम में पानी जमा होने देखेंगे उचित परामर्श देंगे। इस कार्य के दौरान किसी भी तरह का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा और कोताही बरतने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

प्रसारण 7/9/21

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

# आम आदमी को काम कराने के लिए सिफारिश की जरूरत न पड़े

प्रसारण न्यूज • रतलाम

राजस्व विभाग सीधे जनता से जुड़ा है, आम आदमी का काम सरलता से हो जाए उसे भटकना नहीं पड़े। उसको अपना काम कराने के लिए जुगाड़ नहीं करना पड़े, किसी की सिफारिश नहीं लगानी पड़े। इस प्रकार का सुशासन राजस्व अधिकारी अपने दैनिक कार्यों में लाएं।

यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने राजस्व अधिकारियों की रविवार दोपहर आयोजित बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एस डी एम रतलाम ग्रामीण एम.एल. आर्य, जावरा एस डी एम हिमांशु प्रजापति, शहर एस डी एम अभिषेक गेहलोत, सैलाना एस डी एम श्रीमती कामिनी ठाकुर, आलोट एस डी एम राजेश शुक्ला, जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी, सीटी तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। रतलाम ग्रामीण, नामली, पिपलोदा तथा बिलपांक में वसूली कमजोर पाई गई। संबंधित तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने पिछले महीने के छुटे लक्ष्य को इस महीने में जोड़ने के निर्देश दिए। कार्य नहीं करने के कारण इस माह उन तहसीलदारों को वसूली के लिए दुगना कार्य करना पड़ेगा।

इसी तारतम्य में पिपलौदा तहसीलदार 10 लाख रुपए वसूल करेंगे, तो जावरा 25 लाख एवं ताल तहसीलदार 8 लाख वसूल करेंगे। वसूली में खराब परफॉर्मेंस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कलेक्टर द्वारा दिए गए लक्ष्य की वसूली तहसीलदार अगर नहीं कर पाता है तो उसे राजस्व अधिकारी के रूप में कार्य करने का अधिकार नहीं है।



### 6 माह से ज्यादा अवधि के प्रकरण एक माह में निराकृत करेंगे

बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि तहसीलदार 6 माह से ऊपर के प्रकरण पेंडिंग नहीं रखें। ऐसे प्रकरणों का निपटारा आगामी एक माह में शत-प्रतिशत रूप से कर दिया जाए। जिले के नामली में 15, सैलाना में 23 तथा मुंदड़ी में 13 ऐसे प्रकरण पाए गए जो 6 माह से ऊपर लंबित है।

### तहसीलदार देखें कि नियत सीमा में ही खनन हो

खनिज विभाग की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि खनन करने वाला व्यक्ति निर्धारित भू-सीमा से ज्यादा खनन नहीं करने पाए। तहसीलदार नियमित चेकिंग करें, गड़बड़ी पाए जाने पर तहसीलदार जिम्मेदार होगा। खनन स्थल पर सीमांकन चिन्ह होना आवश्यक है। खनिज अधिकारी से कहा कि नियमित निरीक्षण कार्रवाई करते रहें। कलेक्टर ने इस बिंदु पर चर्चा करते हुए तहसीलदारों से कहा कि उचित मूल्य राशन, खनन आदि बिंदुओं पर तहसीलदारों की नियमित रिपोर्ट प्राप्त होनी चाहिए। यदि उनके द्वारा कोई कार्यवाही रिपोर्ट प्राप्त नही होती तो मान लिया जाएगा कि आपके यहां सब अच्छा चल रहा है और यदि फिर शिकायत आती है तो तहसीलदार के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित रूप से की जाएगी।

### सीएम हेल्पलाइन में शिकायत का बढ़ना मतलब काम नहीं किया जा रहा

कलेक्टर ने बैठक में राजस्व अधिकारियो को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन को अत्यंत गंभीरता से ले। यदि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में आपके क्षेत्र की शिकायतें बढ़ती हैं तो यह माना जाएगा कि आपके द्वारा काम नही किया जा रहा है। समीक्षा में कलेक्टर ने पाया कि रतलाम ग्रामीण में 87, जावरा में 125, रतलाम शहर में 70 तथा आलोट में 96 राजस्व संबंधी शिकायतों का निराकरण लंबित है। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी आम आदमी की समस्या निराकरण के लिए संवेदनशीलता से कार्य करें।

### पटवारी की जिम्मेदारी तय करें

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग की शिकायतों के निराकरण के लिए पटवारी की जिम्मेदारी तय की जाए। पटवारी आवेदक के पास पहुंचे, उससे चर्चा करे। आवेदक की संतुष्टि होने पर शिकायत फोर्स क्लोज की जाए। बताया गया कि राजस्व विभाग की 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों में रतलाम में 51, जावरा में 36, आलोट में 27, रतलाम ग्रामीण में 21 तथा ताल में 19 शिकायतें निराकरण से लंबित है। 31 अगस्त की स्थिति में राजस्व विभाग से संबंधित 189 शिकायतों को कलेक्टर ने चालू माह में शून्य की स्थिति में लाने के निर्देश दिए।

### नगरीय निकाय प्रशासक की जिम्मेदारी निभाएं

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि राजस्व अधिकारियों को जिले के नगरीय निकायों के प्रशासक की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है, उसका निर्वहन ईमानदारी से करे। अभी ताल तथा आलोट में स्थिति खराब है वहां पीएम स्वनिधि तथा क्रेडिट लिंकिंग कार्य नही हो रहा है। प्रत्येक निकाय को 5-5 प्रकरण बैंक से स्वीकृत करवाकर वितरण का लक्ष्य दिया गया है, उसे पूरा करें। नामली में एक भी प्रकरण स्वीकृत नहीं करवाया गया है। धामनोद में भी यही स्थिति है।

### बाजना के राधाकृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में निर्देश दिए

बैठक में कलेक्टर ने बाजना तहसीलदार को निर्देशित किया कि बाजना के राधाकृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य योजना पर कार्य करें। इसी तरह शहर एसडीएम को निर्देशित किया कि गुलाब चक्कर पर बैण्ड स्टैण्ड निर्माण के लिए कार्य करें। कलेक्टर द्वारा बैठक में धारणा अधिकार, पीएम तथा सीएम किसान सम्मान

प्रसारण

प्रसारण 7/9/21

## वार्ड 39 के प्रभारी विजय खरे निलंबित

रतलाम ● वार्ड 39 अन्तर्गत नजरबाग बैंक कॉलोनी क्षेत्र के रहवासियों द्वारा व्हाट्स एप पर गंदगी होने की शिकायत करने व फोटोग्राफ अपलोड करने से निगम की छवि धूमिल होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड प्रभारी विजय खरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। निलबंन अवधि में इनका मुख्यालय जुलवानियां ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केन्द्र रहेगा।

## अनिल चनाल को दायित्व सौंपा

रतलाम ● कार्य व्यवस्था एवं प्रशासकीय सुविधा की दृष्टि से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अनिल-प्रभुलाल चनाल को वार्ड क्रमांक-37 के वार्ड प्रभारी का दायित्व सौंपा है जो स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार वार्ड प्रभारी का कार्य संपादित करेंगे।

स्वदेश

स्वदेश 7/9/21

## अशोक-संजय पैमाल सेवा से बर्खास्त

रतलाम ● नगर निगम परिसर के दैनिक वेतन भोगी दरोगा अशोक (गौरव)-संजय पैमाल द्वारा दैनिक वेतन भोगी कचरा संग्रहण वाहन ड्रायवर शुभम चनाल पर धारदार हथियार से हमला किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जिला चिकित्सालय जाकर घायल कर्मचारी श्री चनाल को देखा व इसकी सूचना कलेक्टर एवं प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम को दी। अशोक (गौरव)-संजय पैमाल द्वारा किये गये उक्त कृत्य व हमले की पुलिस एफआईआर दर्ज होने को गंभीर कदाचरण की श्रेणी में लेते हुए तत्काल प्रभाव सेवा से बर्खास्त किया गया। स्वदेश

स्वदेश 7/9/21

## सेवा से बर्खास्त

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर निगम परिसर के दैनिक वेतन भोगी दरोगा अशोक (गौरव)-संजय पैमाल द्वारा दैनिक वेतन भोगी कचरा संग्रहण ड्रायवर शुभम् चनाल पर धारदार हथियार से हमला करने पर तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त किया नगर निगम परिसर के दैनिक वेतन भोगी दरोगा अशोक (गौरव)-संजय पैमाल द्वारा दैनिक वेतन भोगी कचरा संग्रहण वाहन ड्रायवर शुभम् चनाल पर धारदार हथियार से हमला किया गया। हमले के बाद घायल ड्रायवर शुभम् चनाल को जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती करवाया गया।

## वार्ड प्रभारी निलंबित

रतलाम। वार्ड क्रं.39 अन्तर्गत नजरबाग बैंक कालोनी क्षेत्र के रहवासियों द्वारा व्हाट्स एप पर गंदगी होने की शिकायत करने व फोटोग्राफअपलोड करने से निगम की छवि धूमिल होने पर निगमायुक्त ने वार्ड प्रभारी विजय खरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।

नवभारत

नवभारत 7/9/21

# उचित मूल्य दुकान में चार लाख से ज्यादा के राशन की अफरा-तफरी, विक्रेता के खिलाफ प्रकरण दर्ज

प्रसारण न्यूज • रतलाम



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर की एक दुकान में राशन की अफरा-तफरी पर एफ आई आर दर्ज कराई गई है। जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण में 4 लाख 30 हजार रुपए की सामग्री की अफरा-तफरी पाई गई।

जिला आपूर्ति अधिकारी एस. एच. चौधरी ने बताया कि जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड 1707013 द्वारा दो माह से खाद्यान्न वितरण नहीं करने संबंधी शिकायत पाई जाने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री रश्मि खांबेटे द्वारा जांच की गई।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच में पाया गया कि जुलाई 13 अगस्त 2021 के खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जाकर दुकान बंद रखी जाकर वितरण नहीं किया गया। विक्रेता द्वारा स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया जा रहा था। उचित मूल्य दुकान पर संग्रहित खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन में 111.50 क्विंटल गेहूं, 100.44 क्विंटल चावल, 4.19 क्विंटल नमक तथा 0.51 क्विंटल शक्कर कम होना पाई गई। विक्रेता द्वारा केरोसिन थोक डीलरों को उनके द्वारा प्रदाय केरोसिन की राशि डीलर सोमचंद तुलसीदास केरोसिन थोक डीलर रतलाम को 7582 रुपए तथा एस.एम. हुसैन एंड कंपनी रतलाम को 49537 रुपए का भुगतान नहीं किया जाकर 1 वर्ष से केरोसिन का उठाव नहीं किया जाना पाया गया। दुकान में स्टॉक भाव सूची तथा निगरानी समिति सदस्यों की सूची प्रदर्शित नहीं किया जाना पाया गया। उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा जांच में सहयोग नहीं कर कथन पंचनामा आदि पर हस्ताक्षर नहीं किए गए। सुरेंद्र सोनकर विक्रेता जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड 170703 द्वारा प्रदत्त 4 लाख 30 हजार रुपए अनुमानित बाजार भाव मूल्य की अफरा-तफरी की गई। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदत्त खाद्यान्न आदि सामग्री का षडयंत्रपूर्वक अवैध रूप से विक्रय/व्यपवर्तन किया गया।

केरोसिन थोक डीलरों को प्रदान किए गए केरोसिन की राशि भुगतान नहीं किया जाकर मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाना पाया गया। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होने से सुरेंद्र सोनकर विक्रेता जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान 17070 13 के विरुद्ध पुलिस थाना दीनदयाल नगर रतलाम में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

प्रसारण

प्रसारण 7/9/21

## शेखर चांवरे जिलाध्यक्ष बनाए गए



रतलाम | अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस की बैठक हुई। इसमें संभाग अध्यक्ष उज्जैन राजेंद्र कल्याण ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शेखर चावरे को तीन महीने पहले अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया था। कर्मचारी हितों में बेहतर काम करने से स्थायी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री मनोज चावरे, युवा विंग प्रदेश संगठन मंत्री सुनील डामर, पवन कल्याणे, ओमप्रकाश खरे, संतोष खरे, राजेश घारू, विनय चावरे, जितेंद्र भैरवे, सुनील पहलवान, यश चावरे मौजूद थे। चावरे को अध्यक्ष बनाने की वजह सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की राशि का भुगतान करवाना, कार्य में बंद हुए सफाई कर्मचारियों को पुनः रखवाया। अनुकंपा की कार्यवाही से सभी को अवगत कराया।

दै. भास्कर 7/9/21

## आयुष्मान कार्ड बनाए



रतलाम | आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया । त्रिवेणी रोड, मोतीनगर एवं आसपास के क्षेत्रों में लोगों के आयुष्मानं कार्ड बनाए। इस मौके पर दरोगा चंदन भाटी, राकेश मीणा, बंटी कसेरा सहित क्षेत्रवासी मौजूद थे।

दै. भास्कर 7/9/21

**स्वच्छ सर्वेक्षण** • अगले सप्ताह जारी हो सकती है अगले सर्वेक्षण की रैंकिंग, बिना गाइडलाइन नगर निगम ने शुरू की तैयारी

# सफाई में लापरवाही : 2021 के सर्वे का रिजल्ट आया नहीं, 2022 की गाइडलाइन का पता नहीं, कार्रवाई से नाराज कर्मचारी आज अवकाश पर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2022 में सफाई की परीक्षा होगी या नहीं इसे लेकर भले अब तक स्थिति साफ नहीं है लेकिन सफाई को लेकर अफसरों और कर्मचारियों में तनातनी शुरू हो गई है। मार्च 2021 में हुए स्वच्छ सर्वेक्षण का रिजल्ट लगातार टल रहा है।

2022 में होने वाले सर्वे की नई गाइडलाइन पांच माह की लेटलतीफी के बाद भी जारी नहीं हो पाई है। सामान्यतः : अप्रैल-मई में रैंकिंग के कुछ दिनों बाद ही नए सर्वे की टूल कीट आ जाती है। असमंजसताओं के बीच निगम ने सफाई संरक्षकों से खिंचाई से काम लेने के साथ लापरवाही पर नोटिस और बर्खास्तगी शुरू कर दी है। सफाई कर्मचारियों में नाराजगी है। सोमवार को निगम सभागार में ननि संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति ने विरोध स्वरूप 7 सितंबर को सामूहिक अवकाश पर रहने का फैसला किया है। कमिश्नर ने समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो समिति आंदोलन छेड़ सकती है।

## नई गाइडलाइन तैयार लेकिन नहीं हो रहा नोटिफिकेशन, 12 सितंबर तक जारी की जा सकती है नई गाइडलाइन



अलकापुरी चौराहा स्थित गार्डन की सफाई करतीं महिला कर्मचारी।

2022 के स्वच्छता सर्वेक्षण की गाइडलाइन 12 सितंबर तक आ सकती है। निकायों से सुझाव लेकर राज्य सरकारों ने पाइंट केंद्र सरकार को भेज दिए थे। उस आधार पर सरकार ने गाइडलाइन तैयार कर ली है। बस नोटिफिकेशन होना है। बताया जा रहा है कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 में ठोस एवं तरल, प्लास्टिक, जैव अपघटित, मलयुक्त कीचड़ प्रबंधन पर मुख्य फोकस रहेगा। इसके अलावा प्रत्येक व्यक्ति को शौचालय का इस्तेमाल करने पर जोर दिया जाएगा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के साथ ही 2015-16 से शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन 1.0 पूरा हो गया है। दूसरा चरण 2024-25 तक चलेगा।

## सफाई की परीक्षा देने के लिए नगर निगम ने कर रखी हैं ये तैयारियां

- **लापरवाही पर कार्रवाई** - एक माह में 65 से ज्यादा कर्मचारियों पर कार्रवाई हो चुकी है। कुछ को बर्खास्त किया है। रविवार को वार्ड 39 के प्रभारी विजय खरे निलंबित कर दिया है।
- **कचरे का वजन** - मॉनीटरिंग के लिए कचरा कलेक्शन गाड़ियों सहित अन्य माध्यम से आने वाले कचरे का हर दिन जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर तौल कर रहे हैं। औसतन प्रत्येक 75 टन कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंच रहा है।
- **अतिक्रमण हटाओ** - पिछले सप्ताह बिना इजाजत सड़क किनारे रखी 84 गुमटियों को हटाया। पांच जगह पक्के अतिक्रमण तोड़े। सोमवार को मित्र निवास कॉलोनी में हमीद खान का लेट-बॉथ का पक्का अतिक्रमण हटाकर 15000 रुपए जुर्माना वसूला।
- **तबेले हटाओ मुहिम** - दो दिन में 29 में से भैंसों के 14 तबेले तोड़े जा चुके हैं। संचालकों को 7 सितंबर तक की मोहलत दी है।
- **स्पॉट फाइन** - 1 अगस्त से अब तक 37 दिनों में कचरा फैलाने वाले 148 व्यक्तियों से जुर्माना वसूला जा चुका है। सोमवार को 8 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन लगाया।
- **जल संरचनाओं की देखभाल** - दो मुंह की बावड़ी की सफाई और रंगाई पुताई के बाद वर्तमान में नगर निगम जिला अस्पताल स्थित कृष्ण बावड़ी की दशा सुधार रहा है। दीवारों को भी आर्ट पेंटिंग से सजाया जा रहा है।
- **रात की सफाई फिर शुरू** - मार्च-अप्रैल में सर्वे के समय शुरू की गई रात की सफाई दस दिनों से फिर शुरू कर दी है। खासतौर पर बाजार वाले इलाकों में।
- **संसाधनों की स्थिति** - 55 गाड़ियों से 49 वार्ड में कचरा कलेक्शन हो रहा है, जबकि 22 वाहन खराब पड़े हैं। दो साल पहले खरीदी 25 लाख रुपए की स्वीपिंग मशीन काम नहीं आ रही।

भास्कर

*स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की गाइडलाइन बन चुकी है। नोटिफिकेशन होना है। यह कब होगा कहा नहीं जा सकता। सितंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में 2021 के सर्वे का रिजल्ट आ सकता है।*

**नीलेश दुबे,** उपसंचालक, स्वच्छ भारत मिशन, भोपाल

*मंगलवार को सफाई कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। अफसर बेवजह परेशान कर रहे हैं। बारिश निकल गई अब तक कर्मचारियों को बरसाती नहीं दी। ड्रेस कोड लागू कर दिया लेकिन ड्रेस नहीं दी। सफाई के बाद अगर कोई कचरा डाल दे, तो भी कर्मचारियों पर कार्रवाई कर रहे हैं।*

**संजय पैमाल,** ननि संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति

दै. भास्कर 7/9/21

## 90 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को 90 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 41035, काम्पेक्टर सूखा कचरा 32300, काम्पेक्टर गीला कचरा 16325, मैजिक 1070 किलो इस तरह कुल 90700 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया।

## वार्ड 39 के प्रभारी विजय खरे निलंबित

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 39 अंतर्गत नजरबाग बैंक कालोनी क्षेत्र के रहवासियों द्वारा वाट्सएप पर गंदगी होने की शिकायत करने व फोटोग्राफ अपलोड करने से निगम की छवि धूमिल होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड प्रभारी विजय खरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जुलवानिया ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र रहेगा।

नईदुनिया 7/9/21

## अतिक्रमण करने पर वसूला जुर्माना

**रतलाम।** निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार मित्र निवास कालोनी में गली में लेट-बाथ बनाकर अतिक्रमण करने पर हमीद खान शेरानी का अतिक्रमण हटाकर 15000 की राशि का जुर्माना किया गया। इसके अलावा भवन निर्माण सामग्री व मलबे से अतिक्रमण करने पर दिलीप पावेचा नाहरपुरा गली नंबर-दो से 2000, खुले में गंदगी करने पर नेहा किराना स्टोर व नेहा गैलेक्सी सेंटर से 100-100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। खुले में गंदगी करने पर मुरली मच्छीवाला जावरा फाटक से 1500, जुबेर, शर्माजी, नाथूलाल, प्रकाश महावीर कृषि उपज मंडी, नवीन जावरा फाटक, महावीर महू रोड, कैलाश शर्मा डाट की पुल से 500-500 व दीपक राठौर जावरा फाटक से 200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी व अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश भी दी गई। उधर, सोमवार को चांदनी चौक व लोकेंद्र टाकीज क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर जितेंद्र-माणकसिंह चितावद से 500, दीपक-श्रेणिक, गौतम-ओमप्रकाश शर्मा अलकापुरी, रजत-प्रकाशचंद्र से 200-200 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

नईदुनिया 7/9/21

# लोगों को जुगाड़ ना करना पड़े- कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम

## छुट्टी के दिन राजस्व अधिकारियों की बैठक



**रतलाम, नप्र। राजस्व विभाग में काम करवाने के लिए लोगों को ना तो जुगाड़ करना पड़े और नहीं किसी की सिफारिश लगानी पड़े। राजस्व विभाग में आम आदमी का काम इतनी सरलता से हो जाएं कि उसे भटकना ही नहीं पड़े।**

यह कहना है कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम का। कल छुट्टी के दिन भी राजस्व अधिकारियों की बैठक ली और कहा कि राजस्व अधिकारी अपने दैनिक कामों में सुशासन को अमल में लाएं। खनिज विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ध्यान रखें कि खनन करने वाला तय भू सीमा से ज्यादा खनन नहीं करने पाए। इसके लिए तहसीलदार नियमित चेकिंग करें। खनन के मामले में गड़बड़ी पाए जाने पर तहसीलदार जिम्मेदार होगा। खनन स्थल पर सीमांकन चिन्ह होना जरूरी है। खनिज अधिकारी से कहा कि नियमित निरीक्षण कार्रवाई करते रहें। कलेक्टर ने तहसीलदारों से कहा कि उचित मूल्य राशन, खनन आदि बिंदुओं पर तहसीलदारों की नियमित रिपोर्ट मिलना चाहिए। यदि कोई कार्यवाही रिपोर्ट नहीं मिलती तो मान लिया जाएगा कि आपके यहां सब अच्छा चल रहा है और यदि फिर शिकायत आती है तो तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित रूप से की जाएगी। बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि तहसीलदार 6 माह से ऊपर के प्रकरण लंबित नहीं रखें। ऐसे प्रकरणों का निपटारा आगामी एक माह में शत-प्रतिशत रूप से कर दिया जाए। राजस्व अधिकारियों से कहा कि वे मुख्यमंत्री हेल्पलाइन को भी गंभीरता से लें। यदि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में आपके क्षेत्र की शिकायतें बढ़ती हैं तो यह माना जाएगा कि राजस्व अधिकारी की ओर से काम नहीं किया जा रहा है। निर्देश दिए कि राजस्व विभाग की शिकायतों के निराकरण के लिए पटवारी की जिम्मेदारी तय की जाए। पटवारी आवेदक के पास पहुंचे, चर्चा करें। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारियों को जिले के नगरीय निकायों के प्रशासक की जिम्मेदारी भी सौंपी है, उसका निर्वहन ईमानदारी से करें। अभी ताल तथा आलोट में हालात खराब है। वहां पीएम स्वनिधि तथा क्रेडिट लिंकिंग काम नही हो रहा है। नामली में एक भी प्रकरण मंजूर नहीं करवाया गया है। धामनोद में भी यही हाल है। बैठक में अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एसडीएम शहर शहर अभिषेक गेहलोत, ग्रामीण एम.एल. आर्य, जावरा हिमांशु प्रजापति, सैलाना कामिनी ठाकुर, आलोट राजेश शुक्ला, आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी, सीटी तहसीलदार गोपाल सोनी थे।

## ...तो काम करने का अधिकार नहीं

रतलाम, नप्र। राजस्व वसूली की समीक्षा में रतलाम ग्रामीण, नामली, पिपलौदा और बिलपांक में वसूली कमजोर पाई गई। संबंधित तहसीलदार और नायब तहसीलदार पर नाराज होकर कलेक्टर ने पिछले महीने के छूटे लक्ष्य को इस महीने में जोड़ने को कहा। कहा कि ठीक से काम नहीं करने पर इस माह इन तहसीलदारों को वसूली के लिए दुगना काम करना पड़ेगा। पिपलौदा तहसीलदार 10 लाख वसूल करेंगे तो जावरा 25 लाख एवं ताल तहसीलदार 8 लाख वसूल करेंगे। वसूली में खराब परफॉर्मेंस पर कलेक्टर ने नाराज होते हुए कहा कि दिए गए लक्ष्य की वसूली तहसीलदार अगर नही कर पाता है तो उसे राजस्व अधिकारी के रूप में काम करने का अधिकार नहीं है।

प्र.की.6.

प्रभात कीरण 6/9/21

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले में 9 से 17 सितंबर तक रोजगार मेले आयोजित होंगे

रतलाम। भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आगामी 9 सितंबर से 17 सितंबर तक जिले में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। मेलों में बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कंपनियां रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। शैक्षणिक योग्यता 10वीं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो, आईटीआई तथा कंप्यूटर डिप्लोमा भी शामिल हो सकते हैं। कार्य कुशलता आधार पर मासिक वेतन मिलेगा। रोजगार मेलों में सेंट आर सेटी स्वरोजगार संस्थान एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल उन्नयन योजना के तहत कार्यरत संस्था द्वारा युवाओं को स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन से संबंधित प्रशिक्षण हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रोजगार मेले विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। 9 सितंबर को रतलाम के शासकीय आईटीआई सैलाना रोड पर मेला लगेगा। 10 सितंबर को जावरा जनपद पंचायत सभागृह, 11 सितंबर को आलोट जनपद पंचायत सभागृह, 15 सितंबर को बाजना जनपद पंचायत सभागृह, 16 सितंबर को पिपलोदा जनपद सभागृह तथा 17 सितंबर को सैलाना जनपद पंचायत सभागृह में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

स्वतंत्रमत 7/9/21

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले में 9 से 17 सितंबर तक रोजगार मेले आयोजित होंगे

रतलाम। भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आगामी 9 सितंबर से 17 सितंबर तक जिले में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। मेलों में बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कंपनियां रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। शैक्षणिक योग्यता 10वीं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो, आईटीआई तथा कंप्यूटर डिप्लोमा भी शामिल हो सकते हैं। कार्य कुशलता आधार पर मासिक वेतन मिलेगा। रोजगार मेलों में सेंट आर सेटी स्वरोजगार संस्थान एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल उन्नयन योजना के तहत कार्यरत संस्था द्वारा युवाओं को स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन से संबंधित प्रशिक्षण हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेले विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। 9 सितंबर को रतलाम के शासकीय आईटीआई सैलाना रोड पर मेला लगेगा। 10 सितंबर को जावरा जनपद पंचायत सभागृह, 11 सितंबर को आलोट जनपद पंचायत सभागृह, 15 सितंबर को बाजना जनपद पंचायत सभागृह, 16 सितंबर को पिपलोदा जनपद सभागृह तथा 17 सितंबर को सैलाना जनपद पंचायत सभागृह में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

प्रसारण 7/9/21



# पशु पालकों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी मिले कलेक्टर एवं निगमायुक्त से

रतलाम। विगत दिनों निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा शहर के मध्य निजी भूमि पर बने हुए पशुपालन केंद्र (तबेले )को हटाने का काम शुरू किया गया। हटाने के पीछे निगम द्वारा यह तर्क दिया गया किंतु बिलों की गंदगी से शहर में डेंगू बीमारी फैल रही है बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक कार्रवाई से पशुपालकों की कमर टूट गई है इसी बात को लेकर आज पशु पालक जिला शहर कांग्रेस के नेतृत्व में कलेक्टर एवं निगम आयुक्त से मिले। एक ज्ञापन जिला प्रशासन , निगम प्रशासन के नाम पर उपायुक्त विकास सोलंकी को दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि अचानक हुई इस कार्रवाई को रोका जाए और कम से कम एक वहां की समय अवधि स्थानांतरित करने के लिए दी जाए क्योंकि दूध एक आवश्यक सेवा के अंतर्गत आता है एवं दुधारू पशुओं को स्थान पर इतनी जल्दी नहीं किया जा सकता है। प्रशासन से मांग की गई है कि शहर के बाहर कोई भी शासकीय भूमि निर्धारित मूल्य लेकर आवंटित की जाए जिससे वह अपना व्यवसाय सुचारू रूप से चला सके। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, शांतिलाल वर्मा, रजनीकांत. व्यास, रामचंद्र धाकड़ पूर्व पार्षद गणेश यादव, कमरुद्दीन कछवाहा, हितेश पेमाल सहि पशुपालक उपस्थित थे।

नवभारत 7/9/21

# गांवों में भी घर-घर से लेंगे कचरा

**रतलाम, नप्र।** रतलाम शहर में जिस तरह घर-घर जाकर कचरा लिया जा रहा है, उसी तरह अब जिले के गांवों में भी घर-घर जाकर कचरा लेने का काम शुरू किया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीणद्ध योजना के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का काम जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। पहले चरण में जिले की 2 हजार से अधिक आबादी वाले 157 गांवों में यह काम होगा। योजना के तहत चयनित गांवों में घर-घर से कचरा जमा लेने के ईरिक्शा वाहन चलाए जाएंगे। घरों एवं दुकानों से लिए जाने वाले कचरे को गांव में बनाए जा रहे कचरा प्रबंधन केन्द्र पर ले जाया जाएगा जहां कचरे का एकत्रीकरण किया जाकर उपचार किया जाएगा। कचरा प्रबंधनक का काम महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं के जिम्मे होगा। जहां एक ओर गांव से निकलने वाले कचरे का प्रबंधन होगा वहीं इस काम को करने वाली महिलाओं को भी आजीविका का अवसर मिलेगा। इस कार्य की प्रगति के अवलोकन के लिए गत दिवस ग्राम पंचायत बांगरोद का भ्रमण किया। प्रभा 6

प्रभातकीरण 6/9/21

# शहरों की तर्ज पर अब ग्रामों में भी घर-घर जाकर करेंगे कचरा संग्रहण

**रतलाम।** जिस तरह रतलाम शहर में घर-घर जाकर कचरा संग्रहण किया जाता है, उसी तरह अब रतलाम जिले के ग्रामों में भी घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। प्रथम चरण में जिले की 2 हजार से अधिक आबादी वाले 157 ग्रामों में यह कार्य होगा। योजना के तहत चयनित ग्रामों में घर-घर से कचरा एकत्रित करने हेतु ई-रिक्षा वाहन चलाए जाएंगे। घरों एवं दुकानों से एकत्रित किए गए कचरे को ग्राम में निर्मित किए जा रहे कचरा प्रबंधन केन्द्र पर ले जाया जाएगा जहां कचरे का एकत्रीकरण किया जाकर उपचार किया जाएगा। श्रीमती सिंह ने बताया कि कचरा प्रबंधनक का कार्य महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं के जिम्मे होगा, जहां एक ओर गांव से निकलने वाले कचरे का प्रबंधन होगा वहीं इस कार्य को करने वाली महिलाओं को भी आजीविका का अवसर प्रदाय होगा। इस योजना के तहत ग्रम से निकलने वाले गंदे पानी का भी प्रबंधन किया जाएगा जिसके तहत ग्राम पंचायत में नाली निर्माण, सोख्ता गड्ढा आदि संरचनाएं बनाई जाएगी जिसकी रुपरेखा ग्राम पंचायत के उपयंत्री द्वारा तैयार की जा रही है। प्रसारण

प्रसारण 7/9/21


# शहर की सड़कों पर सफाई, गलियों में गंदगी

## स्वच्छता की रेटिंग कायम रखने के लिए लगातार तैयारी जरूरी




**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** वर्ष 2021 के स्वच्छता सर्वेक्षण का रिजल्ट इसी माह आने की संभावना है। इसके साथ ही पता चलेगा कि शहर में सफाई को लेकर कितना सुधार हुआ। इधर शहर में स्वच्छता सर्वे को लेकर पूर्व में की जा रही गतिविधियां शिथिल हो गई हैं। सफाई अमले पर कसावट के लिए उनके कामकाज के फोटो मंगवाए जा रहे हैं, लेकिन कई जगह कचरा संग्रहण वाहनों के नहीं पहुंचने, कचरा जमा होने की शिकायतें हैं।

शहर में मुख्य मार्गों को छोड़ दें तो गलियों, मोहल्लों में सफाई का स्तर पहले जैसा ही है। कचरा संग्रहण वाहनों के अनियमित आने की शिकायत भी है। सबसे ज्यादा परेशानी सीवरेज की खोदाई से धूल, मिट्टी व खराब हुई सड़कों से हो रही है। निगम ने सर्वे के दौरान सार्वजनिक शौचालयों में सफाई रखी, लेकिन अब फिर गंदगी होने लगी है। निगम के सभी वाहनों पर जीपीएस सिस्टम नहीं लगने से निगरानी भी नहीं हो पा रही है।



जावरा फाटक अंडरब्रिज के पास गंदगी से भरा सार्वजनिक सुविधाघर व पनप रहे कीड़े। ●नईदुनिया

**सार्वजनिक शौचालय में गंदगी, कीड़े पनपने लगे:** नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता सर्वे की रैंकिंग बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन कई क्षेत्रों में नियमित सफाई नहीं हो रही है। सार्वजनिक शौचालय भी साफ नहीं किए जा रहे हैं।

जावरा फाटक अंडर ब्रिज के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय की लंबे समय से सफाई नहीं की गई है। वहां शराब की बोतलें व कचरा जमा होने के साथ कीड़े पनप रहे हैं।

**गीले-सूखे का संग्रहण एक साथ:** गत वर्षों में कचरे के निष्पादन में कमी के चलते रैंकिंग पर असर पड़ा था। शहर से प्रतिदिन औसतन 85 टन कचरा निकलता है। नगर निगम जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा संग्रहण वाहनों द्वारा पहुंचाए जा रहे कचरे का वजन भी करवा रहा है। घरों से गीला-सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करने पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन निगम के वाहनों में दोनों श्रेणी के कचरे एक साथ डालने से इस व्यवस्था पर अमल नहीं हो पा रहा है, और लोग भी जागरूकता नहीं बरत रहे हैं।

### निगम के संसाधनों पर नजर

कचरा संग्रहण वाहन-87, लोडिंग मैजिक वाहन-09, सक्शन जेटिंग मशीन-02, काम्पेक्टर-02, जेसीबी-05, डंपर-07

### गत पांच वर्षों की रैंक

| | |
|---|---|
| 2016 | 79 |
| 2017 | 48 |
| 2018 | 72 |
| 2019 | 62 |
| 2020 | 49 |

"शहर में स्वच्छता के लिए निगम के साथ जनता को भी हमेशा जागरूक रहना होगा। स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी के लिए लगातार संसाधन बेहतर कर रहे हैं।

-सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त

नईदुनिया 7/9/21